सार-समाचार

जनसंपर्क किया

चूरू, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के प्रतिष्ठित एडवोकेट एवं बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के वाइस चेयरमैन देवेन्द्र सिंह राठौड ने जनसंपर्क के दौरान अपने गांव महलाना में रात्रि विश्राम किया। उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के वाइस चेयरमैन देवेन्द्र सिंह राठौड ने जोधपुर से 10 दिवसीय सम्पर्क अभियान के तहत बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नोहर, भादरा सहित विभिन्न जिलों की स्थानीय बार कॉउन्सिल के अधिवक्ता साथिओं से आगामी बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के होने वाले चुनाव के सम्बन्ध में सम्पर्क और विचार विमर्श किया। एडवोकेट देवेंद्र सिंह राठौड ने बताया कि इससे पूर्व डूंगरपुर, बांसवाड़ा सहित दक्षिणी राजस्थान के जिलों की तथा पश्चिम राजस्थान के जैसलमेर, बाडमेर, पाली आदि जिलों की स्थानीय बार के सभी अधिवक्ता साथिओं से सम्पर्क किया जा चुका है। राठौड़ ने बताया कि आगामी सम्पर्क हाड़ोती क्षेत्र के कोटा, बूँदी आदि तथा शेखावाटी क्षेत्र में किया जाएगा। सनद रहे कि बार कौंसिल ऑफ़ राजस्थान के चुनाव 5 वर्ष में होते हैं, जिसमें राजस्थान के करीब सवा लाख अधिवक्ता भाग लेते हैं और पांच वर्ष के लिए 25 सदस्यों का चुनाव करते हैं। महलाना गांव में मास्टर सुरेन्द्र सिंह राठौड सहित अधिवक्ताओं और ग्रामीणों ने एडवोकेट देवेंद्र सिंह राठौड का अभिनंदन किया।

जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

सीकर, (निसं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पौषण मिशन पौष्टिक अनाज योजनान्तर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 22 जनवरी 2026 गुरुवार को अर्बन हाट जयपुर रोड सीकर में किया गया। कार्यशाला में जिले के जन-प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, मिलेट्स से संबंधित प्रगतिशील कृषकों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं मिलेट उद्यिमयों सहित कुल 107 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद सीकर प्रिया झाझड़िया, कृषि विज्ञान केंद्र फतेहपुर के प्रभारी आर.के. दुल्लड़, सहायक निदेशक उद्यान दुर्गा प्रसाद निमड़ एवं रामरतन स्वामी द्वारा मिलेट्स के उत्पादन, उपयोग एवं मूल्य संवर्धन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं द्वारा मिलेट्स से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे बिस्किट, रस्क, नमकीन, लड्डू, चूरमा, खिचड़ी, राब, मिलेट हलवा, उपमा, चीला आदि के बारे में बताया गया तथा इनके पोषण महत्व एवं रोजगार व आय सृजन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया।

नाथ समाज ने मृत्यु भोज पर रोक लगाई

पाटन (निसं)। नाथ समाज ने एक सराहनीय सामाजिक निर्णय लेते हुए मृत्यु भोज की परंपरा को पूर्णत: बंद करने का फैसला किया है। इस संबंध में सोमवार को पाटन स्थित शिव मंदिर परिसर में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पाटन व जोगीवाला क्षेत्र के नाथ समाज के सभी भाई-बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में किसी भी परिवार में मृत्यु उपरांत भोज का आयोजन नहीं किया जाएगा। समाजजनों ने इसे आर्थिक बोझ और अनावश्यक सामाजिक दबाव से मुक्ति की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।नाथ समाज पाटन के वरिष्ठजनों ने कहा कि इस निर्णय से समाज में सादगी, समानता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शोक की घडी में शोकाकुल परिवार पर पड़ने वाले अतिरिक्त खर्च से भी राहत मिलेगी।समाज के सभी उपस्थित सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए इसे पूर्ण रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई।

डॉ. बिटिया का घोड़ी पर बिंदोरा निकालकर समाज को सशक्त संदेश दिया

पाटन (निसं)। कनाडा में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहीं रायपुर-पाटन की होनहार डाक्टर बिटिया मनिषा तंवर का विवाह हरदास का बास निवासी इंजीनियर राज सिंह शेखावत के साथ 23 जनवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर संपन्न होगा। वर्तमान में वर-वधू दोनों ही कनाडा में कार्यरत हैं।विवाह से पूर्व आयोजित पारंपरिक कार्यक्रम में डॉ. मनिषा तंवर के पिता राजवीर सिंह तंवर ने अपनी बिटिया को घोडी पर बैठाकर बिंदोरा निकाला, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। इस अनोखी पहल के माध्यम से उन्होंने समाज को यह सशक्त संदेश दिया कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है और दोनों समान रूप से सम्मान और अधिकार की हकदार हैं।बिंदोरा देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस प्रेरणादायक पहल की सराहना की। कार्यक्रम ने सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए नई सोच को प्रोत्साहित किया। उपरोक्त जानकारी एस. एस. शेखावत सूरपुरा द्वारा दी गई।

राष्ट्रगीत गायन कार्यक्रम आयोजित

सीकर (निसं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सीकर में 22 जनवरी 2026 गुरुवार को सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक पूरण मल, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी राकेश कुमार ढाका, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी हेमंत सिंह पालावत, रमेश कुमार, कनिष्ठ सहायक रोहिताश्व कुमार, कनिष्ठ सहायक निर्मला, विमल कुमार, लोकेश कुमार, जीवण सिंह, पत्रकार महीपाल सिंह जाखड़, विनोद धायल, स्वपनिल सक्सैना सहित अधिकारी,कार्मिक, मीडिया कर्मियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व एवं राष्ट्रभक्ति की भावना पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करना रहा।

प्लास्टिक मुक्त अभियान पोस्टर का विमोचन

सीकर (निसं)। पेंशनर शिक्षा सेवा परिषद समिति ने समिति के उद्देश्यों में निहित पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के अंतर्गत हर विद्यालयों में प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के सानिध्य में प्लास्टिक मुक्त अभियान हर विद्यालय से जागरूकता पोस्टर का विमोचन करवाया गया। परिषद के मंत्री पवन शर्मा ने बताया कि राजस्थान प्रदेश मुक्त प्लास्टिक मुक्त बने, इसके तहत सीकर जिले में परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य अपने परिक्षेत्र के विद्यालय में जाकर विद्यालयों को पर्यावरण के लिए जागरूक करेंगे। पोस्टर विमोचन के संदर्भ में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शेखावत, एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार जैमन ने इस अभियान के प्रशंसा की। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष उम्मेद सिंह, राकेश कुमार लाटा जिला समन्वयक, खींव सिंह शेखावत, नेमीचंद सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

मंडेलिया के जन्मदिवस पर अपना घर आश्रम को 1.11 लाख का सहयोग

रतनगढ़ (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के जन्मदिवस के उपलक्ष में समाजसेवा की भावना के तहत वैद्य त्र्यंबक शर्मा द्वारा निराश्रित, असहाय, बीमार एवं दिव्यांग प्रभुजनों की सेवा में समर्पित अपना घर आश्रम को 1 लाख 11 हजार की सहयोग राशि भेंट की गई।अपना घर आश्रम ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास ने बताया कि वैद्य त्र्यंबक शर्मा गुरुवार सुबह युनुस गौरी एवं मोहसिन के साथ आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने प्रभुजनों के दर्शन कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा सहयोग राशि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर को सौंपी। इस अवसर पर डॉ. गोपाल दत्त शर्मा, महावीर रामगढ़िया एवं धर्मेंद्र पाल बघेल ने दानदाता अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। आश्रम परिवार ने रफीक मंडेलिया के जन्मदिवस पर मंगलकामनाएं व्यक्त की।

पुत्री पाठशाला में लेक्चर स्टैंड दिया

चूरू, (कासं)। सर्वहिकारिणी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुत्री पाठशाला चूरू में गोल्डन मेमोरी ग्रुप चूरू के सौजन्य से एक लेक्चर स्टैंड भेंट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कमल शर्मा थे। इस अवसर पर गोल्डन मेमोरी ग्रुप के किशन उपाध्याय, अजय लोहिया, मुकेश पिथिसरिया, महेन्द्र धानुका, राजपाल राठौड, पवन शर्मा, बृजेन्द्र दाधीच, रामगोपाल कुदाल, नितेश शर्मा, प्रेरक अभिलाषा भाटी सहित विद्यालय स्टॉफ के राजेश कस्वां, विद्याधर, संगीता सिंधी, राजकुमार सिंह, जमुना शर्मा, मन्जु सोनी उपस्थित थे।

पीपलवा गौ सेवा समिति के जिलाध्यक्ष बने

चूरू, (कासं)। राजस्थान गो सेवा समिति, जयपुर द्वारा स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता राम पीपलवा को चूरू जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। राजस्थान गो सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदराम शास्त्री ने एक आदेश जारी कर पीपलवा को उनकी गौ वंश के प्रति समर्पित भाव व सेवा को देखते हुए जिलाध्यक्ष बनाया है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बिखरे लोक संस्कृति के रंग

चूरू (निसं)। राजकीय लोहिया महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय सरगम 2026 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक के साथ-साथ साहित्यिक प्रस्तुतियां दी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. कमल सिंह कोठारी व प्रो. महावीर सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने की। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. रूपा शेखावत ने अतिथियों का स्वागत किया।

सरगम के दूसरे दिन कविता पाठ, राजस्थानी लोकगीत गायन, अंताक्षरी व

- **लोहिया महाविद्यालय में चल रहे सरगम 2026 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित**

चूरू राजकीय लोहिया महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय सरगम-2026 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक के साथ-साथ साहित्यिक प्रस्तुतियां दी।

समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कविता पाठ में वरूण राजपाल ने प्रथम, कृष्णा कोका ने द्वितीय, राजस्थानी लोकगीत गायन प्रतियोगिता में हर्षित सोनी ने प्रथम व पुलकित चौधरी ने द्वितीय, अंताक्षरी प्रतियोगिता में मस्ताना ग्रुप के दक्षिता शर्मा व फैजल ने प्रथम व परवाना ग्रुप के खुशबू व पुलकित चौधरी ने द्वितीय, समूह नृत्य प्रतियोगिता में दक्षिता शर्मा ने प्रथम, जीतेश राज जांगिड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में शैक्षिणक स्तर विश्वविद्यालयी परीक्षा में कक्षा स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ, उपभोक्ता क्लब व खेलकूद प्रतियोगिताओं में अंतर विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय की एम.ए. इतिहास की छात्रा ममता पुत्री राजेन्द्र कुमार को विश्वविद्यालय परीक्षा 2025 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में डॉ. प्रशान्त कुमार शर्मा, डॉ. प्रशान्त कुमार, विनित ढाका, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, ममता वीणा, विनीता पारीक, सन्तोष बलाई, डॉ. मधुसूदन प्रधान, मोनिका शेखावत, शान्तनु डाबी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. उम्मेद सिंह गोठवाल, डॉ. संजु झाझडिया व पूजा प्रजापत ने संयुक्त रूप से किया।

तम्बाकू व नशे की रोकथाम का कार्य सामाजिक सरोकार मानते हुए करें : डॉ. एसएन धौलपुरिया

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से एसआरकेपीएस के सहयोग से राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गुरूवार को नोडल अधिकारी व संयुक्त निदेशक डॉ सत्यनारायण धौलपुरिया की अध्यक्षता में धोद व पिपराली ब्लॉक के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एनटीसीपी कार्यक्रम के तहत नवाचार करते हुए प्रिंसिपलों को तम्बाकू मुक्त विद्यालय के लिए प्रेरित किया गया और इसके लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला का संबोधित करते हुए एनटीसीपी के स्टेट नोडल अधिकारी व चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ सत्यनारायण धौलपुरिया ने बताया कि देश में एक साल में तम्बाकू के सेवन से करीब 14 लाख लोगों की मौत हो जाती है और राजस्थान में आंकडा करीब

- **'एक साल में तम्बाकू से देश में 14 लाख मौतें होती हैं'**
- **राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रधानाचार्यों की कार्यशाला का आयोजन**

200 है। वर्तमान में जर्दा, तम्बाकू, खैनी, बीड़ी, सिगरेट, ई-सिगरेट, एमडी ड्रग्स, शराब व अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से युवा पीढ़ी को बचाना जरूरी है, ताकि देश व राज्य का विकास हो।

उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों से नशीले पदार्थों से युवाओं को बचाने के कार्य को सामाजिक सरोकार मानकर करने पर जोर दिया और इसके लिए तम्बाकू मुक्त विद्यालय घोषित किए जाने पर बल दिया। उन्होंने तम्बाकू नियंत्रण की दिशा में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने कहा कि नशे से पूरा परिवार प्रभावित होता हैं। किसी प्रकार के नशे की शुरूआत बाल अवस्था में होती है, इसलिए युवाओं को बीडी, सिगरेट, जर्दा, तम्बाकू व अन्य व्यसनों से दूर रखने का कार्य एक शिक्षक बखुबी कर सकता है।

इसके लिए सभी को सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए इस कार्य को करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

एसआरकेपीएस के राजन चौधरी ने कक्षा छह से 12 तक के बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए विद्यालयों में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालयों में तम्बाकू मॉनिटर बनाने जाने चाहिए साथ ही कोई बच्चा ई-सिगरेट का सेवन तो नहीं करता है, इसके लिए बैग चैकिंग भी की जा सकती है।

कार्यशाला में एनटीसीपी के स्टेट कसंलटेंट नरेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने कोटपा एक्ट 2003 की जानकारी दी। इसके तहत विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा 100 गज के दायरे में यदि कोई व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए एक्ट में किए गए प्रावधानों के बारे में बताया।

नवलगढ़ रोड स्थिति एक होटल में हुई कार्यशाला में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राकेश लाटा धोद व पिपराली ब्लॉक के सभी महात्मा गांधी विद्यालयों के प्रधानाचार्य व चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

जनसंवाद आयोजित

पाटन (निसं)। कम्युनिटी पुलिसिंग शाखा द्वारा राज्य स्तर पर राष्ट्रीय एकता एवं पुलिस कार्यों में जन सहयोग विषय पर थाना स्तर पर ऑनलाइन जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम गुरुवार को सायं 4:30 बजे से 6 बजे तक पाटन पंचायत समिति स्थित अटल सेवा केन्द्र पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन थाना अधिकारी रमेश चंद मीणा ने की। जनसंवाद में कम्युनिटी पुलिसिंग के प्रमुख घटकों सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित आमजन ने सक्रिय सहभागिता निभाई। थानाधिकारी रमेश चंद मीणा ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग से ही सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कम्युनिटी पुलिसिंग को जनभागीदारी की मजबूत कड़ी बताते हुए आमजन से पुलिस प्रशासन के साथ निरंतर सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस मित्रों, सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षकों एवं सुरक्षा सखियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

संतों की विदाई व भंडारा आज

राजलदेसर (निसं)। श्री राजलदेसर गौशाला के पास स्थित भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 बरसी पर आयोजित भागवत कथा व पंच कुंडीय रुद्र अन्नपूर्णा यज्ञ का आयोजन बगीची महंत सोमनाथ महाराज , संत सुरजीत नाथ महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। आज यज्ञ व कथा की पूर्णाहुति हुई।

- **धार्मिक अनुष्ठान में राजलदेसर ही नहीं अपितु दूर दराज से भक्तगण पहुंचे**

नापासर के पंडित केदार जोशी ने कथा के अंतिम भगवान श्रीकृष्ण के परम सखा सुदामा चरित्र, महर्षि शुकदेव जी की विदाई तथा व्यासजी पूजन के प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा वाचक ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे ब्राह्मण सुदामा की एक मुट्ठी चावल की भेंट को भगवान श्रीकृष्ण ने अमूल्य प्रेम के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने ठाकुर जी के वचन सखा तेरी भेंट मेरे लिए अमृत समान है, का उल्लेख किया।

संत सुरजीत नाथ ने बताया कि सात दिनों तक अनेकों भक्तों ने कथा का रसपान किया तथा एक लाख 61 हज़ार यज्ञ में आहुति दी गई। धार्मिक अनुष्ठान में राजलदेसर ही नहीं अपितु दूर दराज से भक्तगण पहुँचे। बगीची के सेवादारों ने आए हुए भक्तों के लिए खाने पीने, रहने की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई थी। आज सुबह संतों की विदाई होगी तथा हजारों की संख्या में भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संत प्रेमनाथ , संत काननाथ, संत मनोहर नाथ, संत किशन नाथ, संत नंदीनाथ, शिवालय पुजारी रामचंद्र शर्मा भागवत यजमान गिदाराम सुथार, नौरतमल नाई, जयचंद तिवाडी, बाबूलाल तिवाडी, बाबूलाल शर्मा, राजू शर्मा नापासर,व भवानी मंत्री, हनुमान माली, कमलदान चारण, भगवानदास स्वामी, ओमप्रकाश कटारिया, मदन दाधीच, नंदू माली, छगनलाल शर्मा, शंकरलाल सोनी, संजय सोनी, दौलतराम, कालूराम, सीताराम जाट, शिवभगवान सोनी, हीरालाल प्रजापत, गिरधारी कटारिया, गोविंद माली, रामनिवास, मोतीलाल खाटीवाल, दिनेश, श्याम सुंदर सैनी, महेंद्र प्रजापत आदि ने भागवत पुराण की पूजा अर्चना की।

जिला एवं सैशन न्यायाधीश को ज्ञापन दिया

तारानगर (निसं)। तारानगर में वरिष्ठ सिविल न्यायधीश न्यायालय खुलावने की मांग को लेकर तारानगर अभिभाषक संघ ने अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण के नेतृत्व में जिला एवं सैशन न्यायधीश को ज्ञापन दिया। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि तारानगर में 1986 में सिविल न्यायाधीश का न्यायालय सृजित हुआ था जिसको सृजित हुये 40 वर्ष हो गये हैं तथा उक्त न्यायालय में वर्तमान में फौजदारी प्रकरण 2832 व सिविल प्रकरण 542 कुल 3374 प्रकरण विचाराधीन है लेकिन बेदखली, किराया नियंत्रण अधिनियम तथा आर्थिक क्षेत्राधिकार सम्बंधी प्रकरणों से सम्बधित मामलों के लिये तारानगर क्षेत्र के पक्षकारों को ए.सी.जे.एम. कोर्ट राजगढ जाना पडता है। भोगोलिक दृष्टि से तारानगर क्षेत्र के गांवों की दूरी राजगढ़ तक 120-125 किलोमीटर तक है एवं न्याय प्राप्ति में अत्यधिक खर्च वहन करना पडता है। वर्तमान में तारानगर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के अधीन पुलिस थाना तारानगर, साहवा तथा भालेरी का एक तिहाई हिस्सा व आबकारी वृत चूरू व राजगढ़ थाने हैं।

33 दिन में 4112 किमी साइकिल यात्रा कर चूरू पहुंचे निखिल व ललित का स्वागत

चूरू (निसं)। साहस, जुनून, जोश, जज्बा और मन में कुछ कर गुजरने की ललक हो तो मंजिल अपने आप मिल जाती है।

इसी कथन को सार्थक किया है, चूरू के ललित जांगिड़ और पलसाना के निखिल जांगिड ने। गौरतलब है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4112 किमी साइकिल यात्रा कर चूरू पहुंचने पर गुरूवार को शहरवासियों ने इन्द्रमणि पार्क में उनका भव्य अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। इस दौरान विधायक ने दोनों जाबांजों का माला पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि बर्फीले पहाडों से समंदर के तट तक का यह सफर केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि फिट इंडिया का एक जीवंत संदेश है। इन जाबांजों की इस उपलब्धि से देश के लाखों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र व युवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव

कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4112 किमी साइकिल यात्रा कर चूरू पहुंचने पर ललित जांगिड़ और निखिल जांगिड़ का शहरवासियों ने अभिनंदन किया।

बी.एन. राजोतिया ने बताया कि यह यात्रा 11 राज्यों से होकर गुजरी। इस दौरान युवाओं ने घने जंगलों, रेगिस्तान और दुर्गम पहाड़ियों का सामना किया। रात्री को जंगलों में टेंट लगाकर विश्राम कर हर बाधा को पार करते हुए लक्ष्य हासिल किया।

कार्यक्रम के दौरान जब ललित और निखिल ने रास्ते की कठिनाइयों और अपने अनुभवों को साझा किया, तो उपस्थित जनसमूह रोमांचित हो उठा। बेटों की इस सफलता को देख पिता और भाई संजय जांगिड की आंखें नम हो गई। तारानगर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी राकेश जांगिड ने भी दूरभाष के माध्यम से युवाओं को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा मंदिर प्रबंधक समिति के नरोत्तममल जांगिड़ ने की। इस अवसर पर भंवर लाल चोयल, चिरंजीलाल गहलोत, संदीप जांगिड़, अनिल खारिया, ओमप्रकाश खारिया सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद सैनी ने किया।

सार-समाचार

निजी बस व रोडवेज में भिड़ंत, चार घायल

रतनगढ़ (निसं)। शहर के मेगा हाईवे टी-पॉइंट के पास बुधवार देर रात निजी स्लीपर बस व राजस्थान रोडवेज बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चार यात्रियों को मामूली चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका ने बताया कि रोडवेज बस अजमेर से सरदारशहर की ओर जा रही थी, जबकि निजी स्लीपर बस हनुमानगढ़ से जयपुर की ओर आ रही थी। टी-पॉइंट के पास दोनों बसों के चालकों के बीच साइड को लेकर गलतफहमी के चलते यह दुर्घटना हुई। टक्कर के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभालते हुए भीड़ को हटाकर यातायात सुचारु कराया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। समाचार लिखे जाने तक मामले में किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं। वाहन चालकों को संयम, सतर्कता और यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। थोड़ी-सी लापरवाही कई जिंदगियों को खतरे में डाल सकती है। उन्होंने प्रशासन से भी हाईवे पर यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने की मांग की।

नीमकाथाना की माता भगवती वाटिका का हरिद्वार में हुआ विशेष उल्लेख

पाटन (निसं)। परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष-2026 के अवसर पर हरिद्वार स्थित वैरागी दीप में आयोजित भव्य समारोह में नीमकाथाना का नाम विशेष रूप से गौरव के साथ लिया गया। बुधवार, 21 जनवरी 2026 को हुए इस आयोजन में जूना गढ़ अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि एवं पतंजलि योगपीठ के संस्थापक योगाचार्य बाबा रामदेव मंचासीन रहे।समारोह में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने अपने उद्बोधन के दौरान राजस्थान के नीमकाथाना शक्तिपीठ में संपन्न 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ (25 से 28 दिसंबर) का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के क्रम में 27 दिसंबर को परम पूज्य भैयाजी के पावन सान्निध्य में परम आदरणीय वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा वाटिका का उद्घाटन उनके करकमलों से नीमकाथाना में संपन्न हुआ। डॉ. पंड्या ने मंच से कहा कि माता भगवती वाटिका का सर्वप्रथम उद्घाटन नीमकाथाना में होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

रतनगढ़ रेलवे जंक्शन पर भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार की प्रतिमा लगाने की मांग

रतनगढ़ (निसं)। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवम रेलवे महाप्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे को अलग अलग पत्र लिखकर रतनगढ़ रेलवे जंक्शन पर भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार की प्रतिमा लगाने की मांग की है। महर्षि द्वारा लिखे गये पत्र में उल्लेख किया गया है कि अमृत भारत योजना के अन्तर्गत रतनगढ़ रेलवे स्टेशन का विकास एवम विस्तार किया जा रहा है एवम सरकार का उद्देश्य है कि अमृत भारत योजनान्तर्गत पुन: विकसित किये जा रहे रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय कला, संस्कृति,धरोहर एवम महापुरुषों के जीवन वृतांत के अनुभव से भी यात्रियों को लाभान्वित किया जाए। रतनगढ़ के भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार ने युवावस्था में कलकत्ता में रहते हुए मां भारती की स्वाधीनता के लिए अपनी सक्रीय भूमिका का निर्वहन करने के बाद सनातन धर्म एवम संस्कृति के संरक्षण और प्रचार हेतु गीताप्रेस गोरखपुर की स्थापना की। भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार का सम्पूर्ण जीवन मां भारती की सेवा, धर्म व संस्कृति के प्रचार तथा समाजसेवा को समर्पित रहा, जो कि हम सभी के लिए अनंतकाल तक प्रेरणादायी रहेगा। महर्षि द्वारा लिखे गये पत्र में मांग की गई है क्षेत्रवासियों और सनातन प्रेमियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए रतनगढ़ रेलवे जंक्शन पर भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार की प्रतिमा लगवाने, छवि चित्र और उनके जीवन वृतांत का उल्लेख करवाने आदि विषयों की मांग की गई है।

वंशिका सैनिक एकेडमी का शुभारंभ आज

चिड़ावा, (निसं)। कस्बे में युवाओं के सैन्य एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। शहर में वंशिका सैनिक एकेडमी का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को होने जा रहा है। यह एकेडमी सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल, नवोदय विद्यालय, आरआईएमसी तथा देवनारायण योजना सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाएगी। एकेडमी के संचालक दीपक धायल उर्फ पटवारी ने बताया कि यह संस्थान लड़के एवं लड़कियों के लिए अलग-अलग बैच में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करेगा। एकेडमी में छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध होगी। एकेडमी रेलवे स्टेशन के पास अरडावता रोड चिडावा पर स्थित है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी. एल. - 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-आर.जे.अ.-14012026-269341
CG-RJ-E-14012026-269341

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II - खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 175] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 13, 2026/पौष 23, 1947
No. 175] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 13, 2026/PAUSHA 23, 1947

रेल मंत्रालय
[उत्तर पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
जयपुर, 13 जनवरी, 2026

का.आ. 185 (अ).- केन्द्रीय सरकार, रेलवे (संशोधन) अधिनियम 2008 (2008 का 11) (जिसे इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 क की उप-धारा (1) अधीन भारत के राजपत्र, असाधरण भाग II खण्ड 3, उपखण्ड (ii) तारीख 10 अक्टुबर 2025 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की अधिसूचना का.आ 4638 (अ) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को राजस्थान राज्य के जिला चूरू में चूरू सादुलपुर दोहरीकण (57.82 किमी) की विशेष रेल परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प